# मंदसौर-नीमच





## एक नजर में

### भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल ने रामघाट पर महादेव मंदिर की साफ सफाई कर किया अभिषेक



**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा जिला अध्यक्षा राजेश दीक्षित के निर्देश अनुसार भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल द्वारा सावन मास के द्वितीय सोमवार पर रामेश्वर महादेव रामघाट पर महादेव मंदिर की साफ सफाई कर, रामेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया, तत्पश्चात मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया जिसमें प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया, दक्षिण मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार मंडल महामंत्री अमन फरकिया,धर्मेंद्र जटिया, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र पंवार, नितिन ब्रिजवानी, बलवंत सिंह शक्तावत नटवर वर्मा अनूप महेश्वरी विपिन भादविया, चुन्नीलाल भोई, राजेश बाड़ोलिया, नपा सभापति दीपमाला रामेश्वर मकवाना, पार्षद विनय दुबेला, कमलेश सिसोदिया, जयप्रकाश पमनानी सहित समाजजन, पार्टी पदाधिकारीगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पं. नितिन शर्मा ने दी।

### जरूरतमंद बच्चों के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, 24म7 घंटे सक्रिय




**मंदसौर।** महिला बाल विकास अधिकारी ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 नंबर देश के लाखों बच्चों के लिए उम्मीद की किरण है। यह जरूरतमंद बच्चों के लिए 365 दिन 24 घंटे मुफ्त आपातकालीन सेवा है। भारत सरकार ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के भलिभांति क्रियान्वयन एवं बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए जन जागरूकता हेतु नए लोगों का प्रचार प्रसार करने एवं कार्यालय कार्यों में उक्त लोगों का ही उपयोग करने के निर्देश दिए। मंदसौर जिले में चाईल्ड हेल्प लाइन वन स्टाफ सेंटर में संचालित किया जा रहा है।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 24 जुलाई को चंबल कॉलोनी में होगा

मंदसौर। म. प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड मंदसौर अधीक्षण यंत्री द्वारा बताया गया कि म. प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के लिए गठित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा न्यायिक शिविर 24 जुलाई 2025 को दोपहर 3ः00 बजे से 5ः बजे तक श्रम कल्याण केन्द्र, चंबल कॉलोनी में आयोजित होगा। शिविर में मंदसौर, मल्हारगढ, गरोठ एवं सीतामऊ संभागों के विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा लिखित परिवादों की सुनवाई फोरम सदस्यों की उपस्थिति में की जाएगी।

उपभोक्ताओं के लिए शिकायत पंजीयन हेतु आवेदन पत्र कार्यालयों में नि:शुल्क उपलब्ध हैं। शिकायतें 24 जुलाई 2025 को शिविर स्थल पर भी स्वीकार की जाएगी। संबंधित सभी उपभोक्ता अपनी लंबति शिकायतों का निराकरण प्राप्त करने हेतु समय पर उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाए। अधिक जानकारी के लिए म. प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कार्यालय पर संपर्क करें।



## भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित मनोकामना अभिषेक में 35 जोड़ों सहित 82 अभिषेकार्थी बैठे

- पतंजलि एवं भारत स्वाभिमान संगठन ने भी की सहभागिता

नवभारत न्यूज

**मन्दसौर। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में श्रावण मास के एकादश दिवस के द्वितीय सोमवार को मंदिर स्थित आराधना सत्संग भवन में भारत स्वाभिमान संगठन और 35 जोड़ो पति-पत्नी एवं अन्य सहित 82 अभिषेकार्थियों ने अभिषेक में सहभागिता की।** मनोकामनाभिषेक में पतंजलि राज्य कार्यकारिणी सदस्य तथा भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी महेश कुमावत, पतंजलि जिला संरक्षक योग गुरु बंसीलाल टांक, अनिल कुमार जोशी, विनय राठौर, प्रकाश चावड़ा सेमलिया फौजी, नानालाल लोध, दीनदयाल गुराडिया देदा, कन्हैयालाल माली डिगांव आदि ने महाभिषेक किया। अभिषेक करा रहे आचार्य पं. विष्णु ज्ञानी ने अभिषेकार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जहमें अपनी भारतीय संस्कृति के अनुसार हमारी वेशभूषा धोती कुर्ता धारण कर जाना चाहिए, देशी गाय के संबंध में बताया कि देशी गाय का दूध दही घी स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयोग में लेना आवश्यक है इसके साथ ही गोमूत्र और गोमय अर्थात गोबर सभी तत्व औषधि के रूप में हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। शास्त्रों के अनुसार गाय के गोबर में लक्ष्मी नारायण का निवास होता है ।

> मनोकामना अभिषेक का महत्व बताते हुए आचार्य श्री ने कहा कि भगवान पशुपतिनाथ के सानिध्य में बैठकर समूह में जो अभिषेक किया जा रहा है उसे अभिषेकार्थियों की मनोकामना पूर्ण होने के साथ ही सावन मास के भगवान शिव की आराधना साधना का पुण्य फल उन्हें अवश्य प्राप्त होता है आपने समस्त शिव भक्तों से अनुरोध किया है कि उन्हें समय निकालकर भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के साथ ही मनोकामना अभिषेक का भी अवश्य लाभ लेना चाहिए।

### रेडक्रॉस सोसायटी प्रबंध समिति का निर्वाचन 25 अगस्त को प्रस्तावित

नवभारत न्यूज

**मंदसौर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी सचिव शुभम पाटीदार ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा मंदसौर की प्रबंध समिति का निर्वाचन 25 अगस्त 2025 को प्रस्तावित है। इस हेतु मतदाता सूचि का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा रहा है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा मंदसौर के आजीवन सदस्य कार्यालीन समय प्रातः 10 बजे से सांय काल 6 बजे तक रेडक्रॉस कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय में चस्पा की गयी सूचि का अवलोकन कर 31 जुलाई 2025 दोपहर 3 बजे तक अपने दावे, आपत्ति रेडक्रॉस कार्यालय को प्रस्तुत करें।

### जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 23 जुलाई को आयोजित होगी

**मंदसौर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत मंदसौर की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में 23 जुलाई 2025 को समय दोपहर 1ः00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी।



## सकल ब्राह्मण समाज, सीतामऊ द्वारा प्रथम युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीतामऊ। सकल ब्राह्मण समाज तहसील सीतामऊ द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन पोरवाल मांगलिक भवन, सीतामऊ में प्रातः 09ः00 बजे से किया गया। सकल ब्राह्मण समाज सीतामऊ के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा भगवान परशुरामजी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।** अध्यक्ष धनश्याम शर्मा ने सम्मेलन के बारे में स्वागत भाषण दिया। सुश्री अर्चना व्यास ने महिलाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी को सम्मेलन के बारे में परिचित करवाया! सम्मेलन के बारे में सभी का परिचय कराया। कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से पधारे समाज के अध्यक्षों को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। इस भवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज शुक्ला ने भी परिचय सम्मेलन के बारे में विचार व्यक्त कर कार्यक्रम की प्रशंसा की! परिचय सम्मेलन में आस पास एवं दूरदराज क्षेत्रों क म.प्र., राजस्थान, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों से आये अभिभावकों को बधाई दी। लगभग 55 गाँव / शहरों से 135 अविवाहित युवक - युवतियों 135 ने मंच पर उपस्थित होकर अपना परिचय दिया।

**एक नजर** | मलेरिया एवं डेंगू जनजागरूकता अभियात के अंतर्गत शासकी नर्सिंग कॉलेज में हुआ आयोजन

## शासकीय नर्सिंग कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन




नवभारत न्यूज

**मंदसौर। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीपा पाठक ने बताया कि मलेरिया एवं डेंगू जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय नर्सिंग कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न छात्राओं ने मच्छरों की उत्पत्ति, उनको रोकने के उपाय, मलेरिया एवं डेंगू के लक्षण, कारण, निवारण के संबंध में विभिन्न पोस्टर के माध्यम से दर्शाया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.एस. चौहान के निर्देशन में पूरे जिले में विभिन्न विधाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे है।

बारिश के समय मलेरिया एवं डेंगू जैसी बीमारियों से बचने के लिए हमें स्त्रोत को नष्ट करना होगा। जो जन जागरूकता के माध्यम से ही संभव है। अपने घरों के आस-पास रखे गए कंटेनरों को आवश्यकता न हो तो उल्टा करके रख दें। कूलरों की प्रति सप्ताह सफाई करें या उसे सुखा दें। आसपास भरे पानी में जला हुआ आयल/केरोसीन डाल सकते है। जिससे लार्वा नष्ट हो जाता है। अपने घरों के अंदर भरे कंटेनर को प्रति सप्ताह साफ करें। इसी जागरूकता के उद्धेश्य से पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम पुरूस्कार नयन आलिया, द्वितीय पुरूस्कार पुजा बावना एवं तृतीय पुरूस्कार जया ज्योती को प्रदाय किया गया।



## प्रेक्षक बंसल ने मतदान सामग्री वितरण केन्द्र पर सामग्री वितरण का अवलोकन किया

**मंदसौर। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा जिला मंदसौर के जनपद पंचायत सीतामऊ के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 23 के निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्याम सुंदर बंसल ने प्रातः 9.00 बजे सीतामऊ जनपद पंचायत ऑफिस में मतदान सामग्री वितरण केन्द्र पर सामग्री वितरण का अवलोकन किया।** सामग्री वितरण के पश्चात मतदान केंद्रों का भ्रमण किया और चुनाव व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों की आवश्यक व्यवस्था को देखा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को सभी तरह की आधारभूत सुविधा मिले। मतदान केंद्र पर पीने का पानी, छांव इत्यादि सुविधाओं को देखा। मतदान केंद्र पर लाइट की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे एवं सभी तैयारियों का जायजा लिया।

# नीमच

## एक नजर में

### नपाध्यक्ष चोपड़ा द्वारा पार्षदो की पहल पर बघाना को बड़ी सौगात



**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नपा अध्यक्ष स्वाति-गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया व लोक निर्माण सभापति मनोहर मोटवानी के नेतृत्व में नीमच के बघाना क्षेत्र को 11 करोड़ 81 लाख की लागत वाले सिवरेज कार्य की एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। सोमवार 21 जुलाई को नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने नपा सभापति श्री धर्मेश पुरोहित, श्री नीरज अहीर, पार्षद श्री शशि कल्याणी, पार्षद प्रतिनिधि श्री रामलाल ग्वाला व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में निर्माण कंपनी को 11 करोड़ 81 लाख के सीवरेज कार्य का कार्यादेश सौपा। नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि बघाना क्षेत्र के पार्षदों की पहल पर अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत बघाना में सिवरेज कार्य हेतु अहमदाबाद गुजरात की कंपनी मे. पी. दास इंप्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. को 1 करोड़ 81 लाख के सिवरेज कार्य का कार्य आदेश सौंपते हुए टेंडर की शर्तों के अनुरूप 2 वर्ष में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि बघाना क्षेत्र में सीवरेज का कार्य होने से बघाना क्षेत्र के निवासियों को गंदगी से मुक्ति मिलेगी और स्वच्छ वातावरण निर्मित होगा।

### क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी में अपने जोखिम पर राशि जमा करवाएं : डाबर

**नीमच।** सहायक आयुक्त सहकारिता नीमच राजू डाबर ने बताया, कि पंजीयक सहाकरी संस्थाएं म.प्र.भोपाल के निर्देशानुसार म.प्र.सहाकरी सोसायटी अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत शहरी साख सहकारी संस्थाओं( क्रेडिट, को-आपरेटिव सोसायटी) के सदस्य, जमाकर्ताओं को परामर्श दिया जाता है, कि वह स्वयं अपनी रिस्क पर ऐसी शहरी साख सहाकरी संस्थाओं में राशियां जमा करावें। भविष्य में यदि ऐसी शहरी साख संस्थाओं द्वारा जमाकर्ताओं की राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो इस हेतु पंजीयक, संयुक्त पंजीयक, उप, सहायक पंजीयक सहकारिता जिम्मेदार नहीं होंगे। सदस्यगण, जमाकर्ता अपने जोखिम पर ऐसी संस्थाओं में राशि जमा करें। सहकारिता विभाग इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

### नीमच मण्डी में ''नशे से दूरी,है जरूरी'' नुक्कड़, नाटक आयोजित




**नीमच।** नशामुक्ति जनजागृति अभियान के तहत सोमवार को पुलिस महानिदेशक म.प्र. कैलाश मकवाना, के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) श्री के.पी. वेंकटेश्वरराव के मार्गदर्शन तथा पुलिस उप महानिरीक्षक (नारकोटिक्स) श्री महेशचंद जैन के नेतृत्व में मध्यप्रदेश पुलिस के नारकोटिक्स प्रकोष्ठ नीमच, द्वारा कृषि उपज मंडी नीमच में नुक्कड नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम बताए गए।

## सभी प्राचार्य, बोर्ड परीक्षाओं में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करें : कलेक्टर

- शैक्षणिक स्तर में सुधार लाकर, प्रयास करें, कि सभी विद्यार्थी 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाए- कलेक्टर
- कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा की



नवभारत न्यूज

**नीमच। सभी हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री विद्यालयों के प्राचार्य अकादमिक प्लान तैयार कर उसके अनुरूप अध्यापन कर्य करवाएं। बोर्ड परीक्षाओं में सभी विद्यार्थी सभी विषयों में 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करें। प्रतिमाह मासिक टेस्ट लिया जाए और मासिक टेस्ट के आधार पर विद्यार्थियों के परिणाम सुधार पर विशेष ध्यान दे।**

यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र तथा सभी हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री के प्राचार्यो बी.ई.ओ. एवं बी.आर.सी.की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा, वर्ष 2024-25 के बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की प्रगति की समीक्षा एवं वर्ष 2025 में परीक्षा परिणाम को ओर बेहतर बनाने की रणनीति पर चर्चा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, डीईओ श्री एस.एम.मांगरिया, डी.पी.सी.श्री दिलीप व्यास भी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने बोर्ड परीक्षाओं में जिले का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहने पर सभी को बधाई देते हुए वर्ष 2025-26 में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य हासिल करने और सभी विद्यार्थियों का परिणाम 85 प्रतिशत से ऊपर रखने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो को मासिक टेस्ट लेने और टेस्ट के परिणामों का विशलेषण कर, 75 प्रतिशत से कम अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को चिन्हित कर, उनकी कठिनाईयों को दूर कर शैक्षणिक स्तर में ओर सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ड्राप आउट सभी बच्चों को 31 जुलाई तक शाला में दाखिला दिलाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा, कि शाला जाने योग्य एक की बच्चा स्कूल में दाखिले से वंचित ना रहे।

> कलेक्टर ने जिन विद्यालयों का बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024-25 में संतोषजनक नहीं रहा है, उन प्राचार्यो को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही जिन विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा परिणाम पिछले वर्षो की तुलना में बेहतर रहा है। उन्हें सूचीबद्ध कर, प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो को 25 जुलाई तक छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

**एक नजर** | शासकीय उमावि सीआरपीएफ नीमच में हुआ आयोजन

## विधायक एवं पालिकाध्यक्ष ने नि:शुल्क साइकिलें वितरित की



**नीमच।** शाउमाविसीआरपीएफ नीमच में सोमवार को नि:शुल्क साइकिल वितरण एवं मेधावी विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नीमच विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, नीमच न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्षद श्री वीरेन्द्र पाटीदार एवं समाजसेवी श्री लोकेश चांगल उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक श्री परिहार ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा 5 लाख साइकिलों का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है, शासकीय विद्यालयों में पात्र विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिलें प्रदान की जा रही है, जिससे सुदुर क्षेत्र के विद्यार्थी समय पर विद्यालय आकर अध्ययन कर सकेगें। इस अभियान के तहत विद्यालय के 32 पात्र छात्र छात्राओ नि:शुल्क साइकिल वितरित की गई। विधायक परिहार ने गुरू की महत्ता को बताते हुए विद्यार्थियो को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं विधायक परिहार ने स्वच्छता अभियान,नशामुक्ति अभियान एवं एक पेड़ मॉ के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यार्थियों से आव्हान किया।

कार्यक्रम के अंत में सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा 6 से 12 तक के सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा घोषित पुरस्कार राशि विधायक परिहार एवं न.पा.अध्यक्ष चौपड़ा द्वारा वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन वर्षा गोयल एवं कीर्ति उपाध्याय ने किया एवं आभारएम.एल.वर्मा ने व्यक्त किया।विधायक परिहार एवं न.पा.अध्यक्ष ने मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.



## गो भक्तों ने निकाली कावड़ यात्रा

- गौशाला की सफलतम 7 वर्ष पूर्ण होने व 8वे वर्ष में प्रवेश करने पर एवं क्षेत्र की सुख, समृद्धि की कामना को लेकर आयोजित कावड़ यात्रा पूर्ण

नवभारत न्यूज

**कुकडेश्वर। मनासा विकासखण्ड की एकमात्र जनसहयोग से व युवाओं के समर्पण व त्याग से बेहतरीन तरीके से संचालित अरावली गौशाला आमेरी ( टामोटी ) में वर्तमान में गौ धाम बन गया है।** कुकड़ेश्वर नगर के गौ भक्तों के द्वारा पठार पर स्थित अरावली गौशाला से कुकड़ेश्वर के प्रसिद्ध प्राचीन स्थल श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव मंदिर तक पैदल कावड़ यात्रा निकली। जो सुबह 8 बजे गौशाला से प्रारंभ हुई व 11 बजे महादेव मंदिर पहुंची।

अरावली गौशाला के सफलतम 7 वर्ष पूर्ण होने व आठवें वर्ष में प्रवेश करने व क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना को लेकर कुकड़ेश्वर नगर के गौभक्त जयन मोदी, कान्हा टोडावाला, दक्ष धनोतिया, राहुल टोडावाल, पवन रोदवाल, अजय भाना, सुजल पोरवाल, कुनाल भाना, महेश मोनू मोदी के द्वारा सुबह भगवान श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव का जयकारे लगाते हुए दर्शन लाभ लेकर, जलाभिषेक किया।

## मनासा से 100 से अधिक कांवड़िए निकले केदारेश्वर के लिए

- तीन दिवसीय कांवड़ यात्रा - सोमनाथ मंदिर से केदारेश्वर महादेव तक



**मनासा। श्रावण माह के पवित्र अवसर पर श्रद्धालुओं में शिवभक्ति का उत्साह चरम पर है। इसी कड़ी में रविवार को मनासा से 100 से अधिक कांवड़िए भव्य शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय कांवड़ यात्रा पर निकले। यह यात्रा नगर के प्रसिद्ध सोमनाथ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर केदारेश्वर महादेव मंदिर ( रामपुरा क्षेत्र ) तक पहुंचेगी।**

कांवड़ यात्रा का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हर-हर महादेव के जयकारों के साथ हुआ। कांवड़िए पवित्र जल लेकर पैदल यात्रा करेंगे और तीसरे दिन केदारेश्वर महादेव के चरणों में जलाभिषेक कर पुण्य लाभ लेंगे। यात्रा में श्रद्धालु पारंपरिक भगवा वेशभूषा में बोल बम के नारों के साथ आगे बढ़े। जगह-जगह नागरिकों द्वारा कांवड़ियों का स्वागत एवं जलपान की व्यवस्था की गई है।